# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

(भाग-1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

बृहस्पतिवार, तिथि 25 मार्च, 1982 ई०

विषय-सूची


| | पृष्ठ. |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—421, 422, 424 (पूर्ण उत्तर के लिए स्थगित), 426, 427, 428, 430, (पूरक के लिए स्थगित), 431, 432, 434, 435, 436, 437, 430, 439, 441 (प्रश्न एवं ध्या० समिति को सुपुर्द), 444, 460, 471, 492, 499 एवं 515 । | 1—31 |
| परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर)— | 33—54 |
| दैनिक निबंध | 55-56 |


टिप्पणी—किन्हीं मा० मन्त्रियों एवं सदस्यों से उनके भाषण के संशोधन प्राप्त नहीं हुए ।

नलकूप चालू करने के सम्बन्ध में ।

454. श्री अमरेन्द्र मिश्र—क्या मन्त्री, लघु सिंचाई विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत बसन्तपुर प्रखण्ड के सभी राजकीय नलकूप दो साल से बन्द हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीय नलकूप बन्द रहने के कारण हजारों एकड़ जमीन में फसल नहीं लगाई जा सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उसे शीघ्र चालू कर सिंचाई योग्य बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

श्री लियेन्दर तिरू—(1) उत्तर अंशतः स्वीकारात्मक है। सहरसा जिलान्तर्गत बसन्तपुर प्रखण्ड में कुल 34 सार्वजनिक नलकूप हैं, जिनमें 20 राजकीय नलकूप चालू स्थिति में हैं और केवल 14 राजकीय नलकूप विद्युत् एवं यांत्रिक दोष के कारण बन्द हैं।

(2) उत्तर अंशतः स्वीकारात्मक है। 14 नलकूपों के कार्यरत नहीं रहने के कारण स्वभावतः फसलें लगाये जाने में असुविधा उस अंश तक हुयी है।

(3) विद्युत् एवं यांत्रिक दोषों से बन्द नलकूपों को शीघ्र ठीक करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

---

महंगाई रोकने के सम्बन्ध में ।

463. श्री राजकुमार पूर्वे—क्या मन्त्री, खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) विगत तीन वर्षों में आवश्यक वस्तुओं का मूल्य सूचक अंक क्या रहा है ;

(2) क्या सरकार आवश्यक वस्तुओं का मूल्य निर्धारित कर नियमित रूप से जन वितरण प्रणाली के माध्यम से उनके वितरण की व्यवस्था करने का विचार रखती है ;

(3) क्या सरकार ने महंगाई पर रोक लगाने के लिए कोई योजना बनायी है, यदि हां, तो वह कौन सी योजना है ?